तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 10 मई 2024

4 तेन्दूपत्ता तोड़ने के दौरान ग्रामीण को हाथी ने उतारा मौत के घाट

[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

खबर संक्षेप

सीए भावेश केंद्रीय जीएसटी समिति के सदस्य

रायगढ़। कर विषय में अपने योगदान और विशेषज्ञता के प्रति एक महत्वपूर्ण मान्यता के रूप मेंए चार्टर्ड एकाउंटेंट भावेश मित्तल को भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली द्वारा गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स जीएसटी समिति के विशेष सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। भावेश के इस प्रतिष्ठित समिति में नामांकन के माध्यम से उनकी विशेषज्ञता और कर विषय में उनके योगदान का संदर्भ अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक विशेष सदस्य के रूप में, उन्हें भारत सरकारए राज्य सरकारें, केंद्र शासित प्रदेश, जीएसटी परिषद गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क जीएसटीएन और अन्य प्रासंगिक प्राधिकरणों के साथ सलाह देने और सहयोग करने की प्रमुख जिम्मेदारी होगी।

प्रतिनिधि और प्रत्याशी भी कर सकते हैं निगरानी

सारंगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के नेतृत्व में लोकसभा निर्वाचन 2024 के जिले में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद मतदान से भरे ईव्हीएम मशीन पोल्ड ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने रायगढ़ और जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष और सभी अभ्यर्थी को पत्र जारी किया है। इस पत्र में कहा गया है कि जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर कृषि उपज मंडी सारंगढ़ में विधानसभावार निर्धारित स्ट्रांग रूम में पोल्ड ईव्हीएम को सुरक्षित रखे हुए हैं। जिस पर निगरानी हेतु आप स्वयं या अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर सकते हैं, जिनके बैठने हेतु कृषि उपज मंडी सारंगढ़ में अलग से व्यवस्था की गई है। पत्र में यह भी कहा गया है कि पोल्ड ईव्हीएम सुरक्षा व्यवस्था पर निगरानी हेतु दल अपने प्रतिनिधि या अभिकर्ता की फोटोयुक्त सूची पासपोर्ट फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कर सकते हैं जिनका परिचय पत्र बनाकर वे निर्धारित स्थल पर निगरानी कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि परिचय पत्र नहीं होने की स्थिति में सुरक्षा में तैनात सशस्त्र सीमा बल एसएसबी के जवान परिसर में प्रवेश करने नहीं देंगे।

250 मीटर कॉपर वायर के साथ दो गिरफ्तार

रायगढ़। पूंजीपथरा पुलिस ने स्थानीय बीएस पावर प्लांट तराईमाल से 7 मई को 250 मीटर कॉपर वायर की चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों को चोरी के अपराध में कोर्ट पेश कर जेल दाखिल किया गया है। प्लांट के सिक्योरिटी इंचार्ज पंकज चतुर्वेदी द्वारा चोरी के संबंध में थाना पूंजीपथरा में संदेही प्लांट के मिनी जेसीबी वाहन चालक और उसके साथी के खिलाफ लिखित आवेदन दिया गयाए जिस पर संदेहियों के विरूद्ध चोरी का अपराध कायम कर माल मुल्जिम पतासाजी में लिया गया। मौके में जांच में पहुंची पूंजीपथरा पुलिस द्वारा प्लांट में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। फुटेज में प्लांट का मिनी जेसीबी वाहन चालक अनिल पटेल, उसके साथी लोकेश बंजारे की निगरानी में प्लांट से कॉपर वायर को मिनी जेसीबी वाहन में चोरी कर ले जाते दिखा। आरोपी अनिल पटेल को पता तलाश कर हिरासत में लिया गया जिसने अपने मेमोरेंडम पर अपने साथी लोकेश बंजारे के साथ प्लांट से कॉपर वायर की चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपियों के मेमोरेंडम पर करीब 250 मीटर कॉपर वायर कीमती 1लाख 50 हजार रुपए एवं चोरी में प्रयुक्त जेसीबी सीजी 13 एएक्स 9122 को जप्त कर आरोपी अनिल पटेल पिता कांशीराम पटेल उम्र 26 साल निवासी ग्राम रेमडा अमोरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम बीएस प्लांट तराईमाल थाना पूंजीपथरा, लोकेश बंजारे पिता स्वर्गीय डमरू लाल बंजारे उम्र 18 साल निवासी ग्वालिनडीह थाना सारंगढ़ हाल मुकाम बीएस प्लांट तराईमाल थाना पूंजीपथरा को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

सीजी बोर्ड के दसवीं परीक्षा में पुसौर की बबीता और नंदेली की करुणा टॉप टेन में

किसानों की बेटियों ने किया कमाल कलेक्टर बनने की है ख्वाहिश

माता-पिता व बहन के साथ दसवीं टॉपर करुणा कैवर्त।

मेधावी बबीता और करुणा को बधाई देने पहुंचे विधायक उमेश।

गुरुजनों व परिवारजनों के साथ पुसौर की होनहार बबीता पटेल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

9 मई को जारी दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में जिले के ग्रामीण अंचल की दो होनहार बेटियों ने रायगढ़ की नाक बचाते हुए टॉप टेन में जगह बनाई है। इनमें खरसिया विधानसभा के नंदेली स्थित महेन्द्र सिंह पटेल विद्यालय की छात्रा करुणा कैवर्त व पुसौर के तेलीपाली स्थित शासकीय गर्ल्स विद्यालय की छात्रा बबीता पटेल ने पूरे प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया है। दोनों छात्राओं ने 97 फीसद अंक अर्जित कर रायगढ़ का मान बढ़ाया और दोनों होनहार छात्राएं भविष्य में आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। उनकी उपलब्धि पर जिले के कलेक्टर कार्तिकेय गोयल व खरसिया विधायक उमेश पटेल ने शाबासी देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

बबीता भी बनेगी आईएएस

दसवीं बोर्ड में 97 फीसद अंकों के साथ गणित विषय में शत प्रतिशत अंक हासिल करने वाली परमानंद पटेल और श्रीमती मोगरा पटेल की इकलौती बेटी बबीता पटेल भी भविष्य में कलेक्टर बनकर राष्ट्र सेवा करने की इच्छुक है। बबीता ने बताया कि उन्हें पढ़ाई के दौरान शिक्षक जीआर पटेल और जीवन पटेल समेत राजनांदगांव के शिक्षक पीके भारद्वाज ने ऑनलाइन कोचिंग देकर गणित विषय में पारंगत बनाया जिसके अलावा पुसौर बीईओ ने होनहार बच्चों को बोर्ड के लिए तैयार करने के लिए विशेष कोर्स कराया जिससे बबीता की टॉपर सूची में शामिल होने की राह आसान हो गई। बबीता ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजनों माता-पिता और परीक्षा के समय विशेष सहयोग प्रदान करने वाले अपने मामा थनेश पटेल को दिया है।

दोनों छात्राएं किसान की बेटिया

बोर्ड परीक्षा की टॉपर दोनों छात्राएं ग्रामीण अंचल के सामान्य किसान परिवार की बेटियां है। गुरुवार को अपरान्ह 12.30 बजे जैसे ही बोर्ड परीक्षा की परिणाम जारी हुए पुसौर निवासी परमानंद पटेल और नंदेली निवासी प्रेमप्रकाश कैवर्त के घर पर बधाई देने वालों की भीड़ लग गई। दोनों ग्रामीणों कृषकों की बेटियों ने पूरे छत्तीसगढ़ में दसवीं टॉप टेन में जगह बनाई। जिसकी सूचना मिलते ही न केवल पड़ोसी और परिचित बल्कि प्रशासनिक और राजनैतिक लोग भी इन होनहार छात्राओं बबीता और करुणा के निवास पर पहुंचने लगे। दोनों छात्राओं ने कड़ी मेहनत कर रायगढ़ का नाम रौशन किया है। वहीं इस बार जिले का परीक्षा परिणाम सर्वाधिक निराशाजनक आया है। प्रदेश के टॉपटेन में दसवीं और बारहवीं में केवल दो छात्राएं ही शामिल है।

कलेक्टर बनने की इच्छा

दसवीं बोर्ड में 97 फीसद अंक के साथ उत्तीर्ण हुई छात्रा करुणा कैवर्त तीन बहनों में सबसे छोटी है। पिता प्रेमप्रकाश कैवर्त और माता केवड़ा कैवर्त की यह होनहार संतान भविष्य में कलेक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करन चाहती है। करुणा की दोनों बड़ी बहने रायपुर में अध्ययनरत है। उनकी इस उपलब्धि पर माता-पिता समेत पूरे गांव को गर्व है। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक उमेश पटेल करुणा को आशीर्वाद देने उनके निवास पहुंचे और पुष्प गुच्छ भेंटकर उज्जवल भविष्य की कामना की। करुणा के पिता ने अपनी बेटी की उपलब्धि पर गर्व करते हुए बताया है कि तीन बेटियों के पिता हैं और स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं कि उनकी तीनों बेटियां होनहार और प्रतिभावान है। करुणा की बड़ी बहनें जो कि उच्च शिक्षा ले रही है, उनके लिए प्रेरणाश्रोत है।

नेसल ड्रॉप का ज्यादा इस्तेमाल बढ़ा रहा राइनाइटिस का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- अस्पताल में ड्रॉप डालने से नाक बंद होने से ग्रसित हर माह आते हैं दर्जनों मरीज

नेसल ड्रॉपए जिसे बंद नाक खोलने के लिए नाक में डाला जाता है। लोग यह ड्रॉप नाक बंद होने पर मरीज बिना चिकित्सक की सलाह पर ही खरीद लेते हैं। उसे नाक में डालते हैं। इससे नाक खुलने के बजाय बंद हो जाती है। उनमे राइनाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। बिना चिकित्सक की सलाह के नेसल स्प्रे या ड्रॉप का उपयोग करने से नाक बंद होने व राइनाइटिस के हर माह अस्पताल में करीब 20-25 मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं।नाक बंद रहना एक सामान्य समस्या है, जो जीवन में लगभग हर व्यक्ति को होती है। इस पर कई बार चिकित्सक नेसल ड्रॉप का उपयोग 7 से 10 दिन तक करने की सलाह देते हैं लेकिन बिना विशेषज्ञ की सलाह के इसका उपयोग लबे समय तक करने पर नाक पर विपरीत असर होता है। ड्रॉप के साइड इफेक्ट आने लगते हैं। जिसे राइनाइटिस मेडिका मेंटोस कहते हैं। इस दवा में ऑक्सीमीट जोलिन या जाइलो मेटाजोल होते हैं। इसका उपयोग करने पर नाक के अंदर के टिश्यूज की सूजन कम हो जाती है और नाक तुरंत खुल जाती है। लेकिनए लंबे समय तक इसके उपयोग से इन टिश्यूज का लचीलापन कम हो जाता है। रक्त संचार में असामान्यता व नाक के अंदर स्थित टर्बिनेट यानी मांस का आकार बढ़ने लगता है, जिससे नाक में रुकावट आती है। नाक अक्सर बंद रहने लगती है। नाक में मांस बढ़ जाता है।

अधिक उपयोग से यह नुकसान

नेसल ड्रॉप पर मरीज की निर्भरता बढ़ जाती है। दवा के प्रभाव का असर कम रह जाता है। इस कारण बार बार नाक में ड्रॉप डालने की इच्छा होती है। नाक से पानी नहीं आता व छींक भी नहीं आती है। नाक बंद रहती है। ऐसा होने पर ड्रॉप को तुरंत बंद कर देना चाहिए।

चिकित्सक की सलाह जरूरी

कई मरीज अपने स्तर पर ही नेसल ड्रॉप का अत्यधिक इस्तेमाल करते हैं। जिससे राइनाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। हर माह अस्पताल में ऐसे लगभग 20 से 25 मरीज नाकए कान व गला विभाग में आते हैं। ड्रॉप डालने के बाद नाक बंद रहने की समस्या और बढ़ जाती है।

डॉ. एनके मिश्रा
आयुष चिकित्सक।

शहर में परशुराम चौक बनेगा विप्र समाज की नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रेस कॉन्फ्रेंस
भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव
ब्राम्हण सेवा समिति, रायगढ़

शहर के विप्र संगठन ब्राम्हण सेवा समिति के तत्वावधान में 10 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान नारायण के छठे अवतार परशुराम का प्राक्ट्य उत्सव मनाने की तैयारी की गई है। इस संबंध में सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों ने गुरुवार को प्रेसवार्ता के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल को नगर में भव्य शोभायात्रा और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया है। आचार संहिता का पालन करते हुए शोभायात्रा में उत्साह श्रद्धा के साथ शौर्य का भी प्रदर्शन किया जाएगा। प्रेसवार्ता में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए ब्राम्हण सेवा समिति के अध्यक्ष विजय वीरभान शर्मा, विजय शर्मा, सचिव प्रवीण शर्मा, अरविंद शर्मा, आशीष शर्मा, अमित शर्मा, अजय शर्मा, राहुल शर्मा, अशोक शर्मा, कमल शर्मा, आदित्य शर्मा टिंकू महाराज, पवन शर्मा आदि ने बताया कि सामाजिक कार्यो में जिम्मेदार दायित्व निर्वहन के साथ नगर के ब्राम्हण सेवा समिति जनसरोकार के विभिन्न कार्यों में अपनी सहभागिता दर्ज करा रही है। करीब ढाई दशकों से संस्था के द्वारा परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शासन ने भी ब्राम्हण सेवा समिति के आग्रह पर सामाजिक भवन के लिए भूमि व नगर के एक चौक का नामकरण परशुराम के नाम पर करने की सहमति प्रदान कर दी है। आचार संहिता खत्म होने के बाद नगर का परशुराम चौक विप्र समाज की नई पहचान और गौरव का माध्यम बनेगा।

ट्रक की टक्कर से तीन घायल, बची जान

रायगढ़। गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे गेरवानी रोड पर स्थित लाख डैम के सामने तीन युवा मोटरसाइकिल पर सवार होकर जिंदल के लिए जा रहे थे। तभी लाख डैम के सामने एक अज्ञात ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर घटनास्थल से फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी की मोटरसाइकिल सामने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयाए और तीनों युवक सड़क पर गिर गएए वहां से गुजर रहे लोगों ने घायलों की मदद करते हुए एंबुलेंस को फोन कर दुर्घटना की जानकारी दी। गनीमत रही कि घायल युवकों की जान बच गई।

ठेकेदार की हत्या कर शव के टुकड़े करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल उद्योग में लेबर सप्लाई करने वाले झारखंड के ठेकेदार की जघन्य हत्या कर शव के टुकड़े कर फेंकने वाले आरोपी शंकर कुमार पासवान जिला पलामू झारखंड हाल मुकाम पतरापाली को जिला एवं सत्र न्यायालय ने धारा 302 के तहत अपराध सिद्ध होने पर आजीवन कारावास और दो हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। मुकदमे के संदर्भ में जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक श्रीमती विमला महंत ने बताया कि जिंदल उद्योग में लेबर सप्लाई करने वाले संदीप सिंह ठेकेदार की 19 सितंबर 2019 को जिंदल स्कूल के पास मानसरोवर तालाब के करीब टुकड़ों में कटी लाश बरामद की गई थी। शव का सिर और कमर के नीचे का हिस्सा गायब था। सूचना मिलने के बाद कोतरा रोड पुलिस ने आरोपी के बहनोई मिथिलेश सिंह की शिकायत पर हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरु की थी। आरोपी शंकर कुमार पासवान की गिरफ्तार कर विवेचना पूर्ण होने के बाद 5 फरवरी 2020 को प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां चार साल से अधिक समय पर मुकदमा चलने के बाद 9 मई 2024 को प्रकरण की सुनाई करते हुए न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार ठाकुर ने कोर्ट का फैसला सुनाया। न्यायालय ने आरोपी शंकर कुमार पासवान को भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 302 एवं 201 के तहत अपराधी सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास तथा दो हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया। लोक अभियोजक ने इस मुकदमे में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायदृष्टांत बच्चन सिंह बनाम पंजाब राज्य के मुकदमे की मिसाल देते हुए अपराधी के सजा का मार्ग प्रशस्त किया।

सड़क निर्माण के दौरान चंद्रपुर में जाम से लोग हो रहे हालाकान

सारंगढ़। चंद्रपुर में यातायात इतना खराब है कि प्रतिदिन शाम 6 बजे से मां चन्द्रहासिनी मंदिर के गेट से लेकर पुलिस थाना चन्द्रपुर तक सड़क निर्माण कार्य होने के कारण एक किलोमीटर को पार करने के लिए एक घंटा का समय लगता है। एक तरफ की गाड़ी को पार करने में एक घंटा का इंतजार करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में किसी एंबुलेंस से मरीज की जान भी जा सकती है। इस स्थिति का निराकरण रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के थाना पुलिस और यातायात पुलिस के संयुक्त समन्वय और ड्यूटी से संभव है। सरसींवा से रायगढ़ जाने वाले मालवाहक को व्हाया डभरा चंद्रपुर बायपास से जाना होगा। इसी प्रकार सरायपाली से रायगढ़ जाने वाले मालवाहक को व्हाया सरिया पुसौर रायगढ़ जाना होगा। ठीक ऐसे ही रायगढ़ से आने वाले मालवाहक को सरसींवा के रास्ते बिलासपुर और रायपुर जाने के लिए व्हाया चन्द्रपुर बायपास, डभरा, सरसींवा होते जाना होगा। इसी प्रकार सरायपाली के रास्ते रायपुर जाने वाले के लिए रायगढ़ से पुसौर व्हाया सरिया होकर सरायपाली जाना होगा।

शहर की सफाई की समीक्षा, रात में भी कचरा इकट्ठा करने चलेगा वाहन

रायगढ़। गुरुवार को कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शहर के सभी चौपाटी से रात 8 बजे के बाद वाहनों के माध्यम से कचरा उठाने के निर्देश दिए। शाम 4 बजे से कमिश्नर कक्ष में बैठक शुरू हुई। सबसे पहले जोन वाइज सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई। इस दौरान कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने शहर के सभी नुक्कड़ एवं कचरा डंप साइट को पूर्णता खत्म करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने डंप साइड या नुक्कड़ मिलने पर संबंधित सफाई दरोगा पर कार्रवाई होने की बात कही। इसी तरह सफाई व्यवस्था को लेकर झाड़ू, रांपा, बेलचा एवं सफाई संबंधित सामग्री समय पर और पर्याप्त संख्या में देने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के लिपिक एवं स्टोर कीपर को दिए। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के दौरान सूखा एवं गीला कचरा को अलग-अलग लेने और मिक्स कचरा देने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शहर के स्टेशन चौक, चक्रधर नगर क्षेत्र, चक्रधर नगर चौक आरओबी, गैलेक्सी माल के सामने, गणेश तालाब, सतीगुड़ी चौक आदि स्थान पर लगने वाले चौपाटी में रात 8 बजे वाहन भेज कर वहां से कचरा उठाने के निर्देश सभी सफाई दरोगा को दिए। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सफाई व्यवस्था सभी के लिए सर्वोपरि है। इस कार्य में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन स्तर से भी इसकी मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है, इसलिए जिस भी जोन में गंदगी या नुक्कड़, कचरा डंप साइड होने की बातें सामने आई तो सीधे तौर पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बैठक में सभी सफाई दरोगा वहां विभाग प्रभारी स्वास्थ्य एवं वाहन विभाग के लिपिक मिशन प्रेरक आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने गुरुवार को सभी इंजीनियर की भी बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे निर्माणाधीन कार्य की समीक्षा की। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने सभी तरह के निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने की बात कही। उन्होंने समय पर निर्माण में उपयोग सामग्री की लैब टेस्टिंग कराने और निर्माण के समय साइट विजिट करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने शहर में चल रहे सभी कार्यों को तय समय पर पूर्ण कराने सभी उप अभियंताओं को निर्देशित किया। इस दौरान सभी इंजीनियर्स को निर्माणधीन कार्यों के समय पर एमबी बनानेएफाइल पुटअप करने के साथ समय पर ठेकेदारों को पेमेंट कराने के निर्देश दिए।

रेलवे बोर्ड ने लिया निर्णय, बेसिक पे के अनुसार मिलेगी सुविधा

रेलकर्मियों को इलाज में केबिन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

देश के सभी रेलकर्मियों को अब बेसिक पे के आधार पर सूचीबद्ध अस्पतालों में मेडिकल सुविधा मिलेगी। रेल मंत्रालय ने नेशनल फैडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन व ऑल इंडिया रेलवे मैन्स फैडरेशन की मांग को मानते हुए देश के सभी 16 जोन के रेल कर्मचारियों को इनके बेसिक पे के आधार पर मेडिकल सुविधा देने का निर्णय लिया है। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में उक्त व्यवस्था को सभी जोन में लागू का आदेश दिया है। इसके लिए रेलवे बोर्ड की ओर से रेल कर्मचारियों के वेतनमान को तीन श्रेणियां में बांटा गया है। इसमें देश के करीब 11 लाख व जोधपुर रेल मण्डल के करीब 11 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे। रेलवे में अब तक राजपत्रित कर्मचारियों को ही अस्पताल में केबिन की सुविधा मिलती थी, लेकिन नेशनल फैडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन एनएफआईआर व ऑल इंडिया रेलवे मेंस फैडरेशन एआईआरएफ की मांग को मानते हुए यह सुविधा शुरू की है। एनएफआईआर व एआईआरएफ ने तर्क दिया था कि जब एक रेलकर्मी का वेतनमान अच्छा है तो उसे सूचीबद्ध अस्पतालों में भी आम मरीजों की बजाए एलीट क्लास की सुविधा मिलनी चाहिए। फैडरेशन के इस सुझाव का रेलवे बोर्ड में वित्त मंत्रालय से समीक्षा के बाद इस देश भर में कार्यरत रेल कर्मचारियों के लिए क्रियान्वित कर दिया है। रेलवे में लगभग 11 लाख कर्मचारी हैंए जिसमें से लगभग 45 प्रतिशत सुपरवाइजर ग्रेड में कार्यरत कर्मचारियों का वेतनमान 50500 से अधिक है। रेलवे एम्प्लाईज यूनियन का कहना है कि यह मांग लंबे समय से की जा रही थीए जिसे माना गया। रेलकर्मी निजी अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधा ले सकेंगे।

तीन श्रेणियों में बांटा वेतनमान को

- 36500 के मासिक वेतन वालों को जनरल वार्ड ।
- 36501 से 50500 के वेतनमान वाले कर्मचारियों को सेमी प्राइवेट वार्ड।
- 50500 से अधिक वेतनमान पर प्राइवेट वार्ड या केबिन की सुविधा।
- यह सुविधा कर्मचारियों के अलावा उनके आश्रितों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मिलेगी।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
छ.ग. के छात्रों एवं अभिभावकों के बीच
सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय संस्थान : GOAL
Congratulations...
to all the Students
Passed in 10th & 12th Chhattisgarh Board
Best Wishes for Future Journey...
50% छात्रवृत्ति
12th छ.ग. बोर्ड परीक्षा परिणाम में आये
प्रथम 10 विद्यार्थियों के लिए।
DROPPER BATCH NEET / JEE
& 9th | 10th | 11th | 12th Admission Open...
1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

खबर संक्षेप

जवान के लिए पुलिस ने बनाया ग्रीन कॉरिडोर

अम्बिकापुर। आसाम से चुनाव ड्यूटी करने आए जवान को मल्टी ऑर्गन फेलियर की शिकायत पर एयरलिफ्ट किया गया। जवान को एयरलिफ्ट करने के लिए सरगुजा पुलिस द्वारा लगभग 16 किमी का ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया जिसके उसे एयर एम्बुलेंस से रायपुर भेजा गया। फिलहाल जवान देर शाम रायपुर पहुंच चुका है। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि आसाम के गोलाघाट अंतर्गत ग्राम सरूपाथर निवासी मनोज गोगोई आसाम का जवान है। मनोज गोगोई अपनी कम्पनी के साथ लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए कंपनी के साथ सरगुजा आया हुआ था। दो दिनों पहले उसकी तबीयत खराब होने पर संजीवनी हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया था जहां ब्रेन फीवर की बात सामने आई थी। जवाब को ब्रेन फीवर के साथ मल्टी ऑर्गन फेलियर की शिकायत आ रही थी ऐसे में डॉक्टरों द्वारा जवान को रायपुर शिफ्ट किया गया। जवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एयरलिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। रायपुर से एयर एम्बुलेंस बुलाया गया इसके साथ ही एसपी विजय अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस द्वारा जवान के लिए अस्पताल से लेकर दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया और जवान को शाम 4.30 बजे एयरपोर्ट से एयर एम्बुलेंस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। शाम साढ़े सात बजे तक जवान रायपुर के हॉस्पिटल पहुंच गया था।

करेंट की चपेट में आकर महिला की मौत

बिश्रामपुर। मंगलवार की दोपहर बाद आए तेज आंधी तूफान ने क्षेत्र में जमकर तबाही मचाई है।आंधी तूफान से आम की फसल को काफी नुकसान पहुँचा है।साथ ही कई जगहों पर पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई है जिसे सुधारने में बिजली कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी।ग्राम गेतरा कॉलोनी के समीप खेत मे गिरे बिजली प्रवाहित तार के संपर्क में आकर पचास वर्षीय महिला सोना बाई पति सुखराम रजवार की मौत हो गई।बताया गया कि आंधी तूफान थमने के बाद शाम छह बजे के करीब महिला खेत की ओर गई थी कि तरंगित तार के संपर्क में आ गई।हो हल्ला व हंगामा होने के बाद उसे करेंट के सम्पर्क से हटाकर केंद्रीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।एम्बुलेंस चालक की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जांच के लिए केस डायरी कोतवाली भेजी जा रही है।

कुंए में गिरकर महिला की मौत, मर्ग कायम

अंबिकापुर। ग्राम सनावल में कुंए में गिरने से महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के सनावल अंतर्गत रहने वाली शगुनी देवी मंगलवार की शाम घर के बाड़ी में मौजूद लगभग 30 फीट गहरे कुंए में गिर गया थी। महिला के गायब होने पर परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे लेकिन उसका पता नहीं चल सका। आज सुबह परिजन की नजर कुंए में गई तो वहां महिला की लाश थी। ऐसे में परिजन ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच की जा रही है।

चुनाव के दिन शराब बिक्री करते हुए युवक गिरफ्तार

अंबिकापुर। लोकसभा चुनाव के दौरान शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रतिबंध के बाद भी चुनाव के दिन नमनाकला में एक युवक बाइक से भारी मात्रा में महुआ शराब लेकर ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने नमनाकला शनि मंदिर के पास घेराबंदी कर बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएल 0989 को रोककर युवक के पास से दो कार्टून में रखा 20 लीटर शराब जब्त किया है। पुलिस ने मामले में मणीपुर थाना अंतर्गत लक्ष्मीपुर बंजारी निवासी 24 वर्षीय आशीष मिंज को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही बाइक जब्त किया है।

आयुषी ने 12वीं व श्रयांश ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में पाया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अपनी मम्मी के साथ आयुषी गुप्ता।

12 वीं कक्षा में राज्य में तीसरा स्थान लाने वाली आयुषी गुप्ता ने जशपुर जिले का नाम रौशन किया है। आयुषी ने कॉमर्स विषय के साथ 96.80 प्रतिशत लाया है।आयुषी के यह मुकाम हासिल करने पर शिक्षकों सहित परिवारजनों और शुभचिंतकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। आयुषी का सपना है कि वह चार्टर अकाउंटेंट बने इसके लिए वह कड़ी मेहनत कर सपना पूरा करने पूरी मेहनत से आगे की पढ़ाई करती रहेगी। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जशपुर में पढ़ने वाली कक्षा 12 वीं की छात्रा आयुषी गुप्ता ने बताया कि रोजाना पूरी ईमानदारी से कड़ी पढ़ाई कर सफलता हासिल किया है।इसमें परिवार वालो के साथ शिक्षकों का योगदान रहा है। घर में पढ़ाई करने के साथ साथ पढ़ाई के लिए उचित माहौल के लिए उन्होंने लाइब्रेरी का सहारा भी लिया जहां घंटों वह जाकर एकांत में पढ़ाई की है।स्कूल के शिक्षकों ने भी उन्हें मार्गदर्शन देने के साथ साथ भरपूर सहयोग किया है । वह आगे जाकर चार्टेड अकाउंटेंट बनना चाहती है इसके लिए वह पूरी लगन के साथ आगे बीकॉम की पढ़ाई करेगी।पिता मुकेश गुप्ता का सी मार्ट के बगल में चौपाटी है जहां परिवारजन दिन रात मेहनत कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। 12 वीं में राज्य में तीसरा स्थान लाने वाली आयुषी गुप्ता की माता सुषमा गुप्ता ने बताया कि उसकी बेटी ने पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर यह स्थान हासिल किया है,बच्ची ने खुद से मेहनत किया है।

सिविल सर्विस में भविष्य देख रहा जशपुर का यह लाल

10 वीं की बोर्ड परीक्षा में राज्य में तीसरा स्थान लाने वाले श्रयांश यादव ने कहा कि वह सिविल सर्विस में अपना भविष्य देखना चाहता है,उसका यूपीएससी की तैयारी कर आईएएस बनने का सपना है,जिसे पूरा करने वह अपना पूरा दम खम लगा देगा। इस कार्य में परिवारजनों का पूरा सहयोग और साथ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी टॉपर लिस्ट में जशपुर के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 10 वीं का छात्र श्रयांस यादव ने राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया है,परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद परिवारजनों सहित शिक्षकों ने श्रयांश यादव का मुंह मीठा कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।इस दौरान श्रयांश यादव ने कहा की उसके सफलता के पीछे परिवारजनों,शिक्षकों और कोचिंग टीचर का महत्वपूर्ण योगदान है,इनके मार्गदर्शन और उचित दिशा निर्देशन में वह पढ़ाई कर सफलता प्राप्त किया है। आगे की पढ़ाई वह गणित विषय के साथ करना चाहता है और भविष्य में सिविल सर्विस में जाकर आईएएस अफसर बनना चाहता है।श्रयंश ने बताया कि उनकी माता श्रीमती प्रतिमा यादव हाउस वाइफ हैं और पिता शिक्षक है। श्रयांश यादव के पिता संजीव यादव ने बताया कि पढ़ाई के प्रति रुचि और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उन्हें पहले ही एहसास हो गया था,कि बेटा एक दिन नाम रौशन करेगा। पिता द्वारा मिले संस्कार और मार्गदर्शन के कारण आज मैं खुद गणित विषय के शिक्षक का हूं।

पापा के हाथ मुंह मीठा करते श्रयांश यादव।

जिले से 12 विद्यार्थी प्रदेश टॉप-10 प्रावीण्य सूची में शामिल

यशस्वी जशपुर ने बोर्ड परीक्षा में जशपुर का बढ़ाया मान

अर्पिता शैली कुजुर ।

मोना यादव।

उमा बरेठ।

रसीना चौहान।

प्रीति समदूर।

सलोनी सिं।,

करीना सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- प्रावीण्य सूची मे स्थान बनाने वाले जिलों में लगातार दूसरे वर्ष जशपुर जिला अव्वल रहा

जिला कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जशपुर जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने हेतु संचालित यशस्वी जशपुर कार्य योजना की बदौलत जशपुर जिले के 11 बच्चों ने कक्षा 10 वीं की प्रावीण्य सूची में एवं 1 बच्चे ने कक्षा 12 वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर जिले को गौरान्वित किया है।

यशस्वी जशपुर कार्ययोजना जशपुर जिले के लिए विद्यालयीन स्तर पर वरदान साबित हो रही है। जिसके कारण इस जिले के बच्चे बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर रहे हैं वही प्रदेश में 10 वीं प्रावीण्य सूची मे स्थान बनाने वाले जिलों में लगातार दूसरे वर्ष जशपुर जिला अव्वल रहा है।

राज्य की प्रावीण्य सूची में सम्मिलित विद्यार्थियों मे 01 संकल्प जशपुर , 02 संकल्प पत्थलगांव, 06 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम जशपुर, 03 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम पत्थलगांव, 01 प्रयास आवासीय विद्यालय जशपुर से हैं। कक्षा 10 वीं में 99.50 प्रतिशत के साथ सिमरन शब्बा सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही इस वर्ष कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में इन विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है - सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर से 98.33 प्रतिशत के साथ श्रेयांश कुमार यादव ने तृतीय स्थान, संकल्प जशपुर से 98.17 प्रतिशत के साथ अर्पिता शैली कुजूर ने चतुर्थ स्थान, सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर से 97.83 प्रतिशत के साथ दिमित्रा सिंह खडग ने छठवां स्थान, संकल्प पत्थलगांव से 97.83 प्रतिशत के साथ रसिना चैहान और प्रीति समदूर दोनों ने छठवां स्थान, सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर से 97.67 प्रतिशत के साथ उमा बरेठ ने सातवां स्थान, सेजेस अंग्रेजी माध्यम पत्थलगांव से 97.67 प्रतिशत के साथ करिना सिंह ने सातवां स्थान, सेजेस अंग्रेजी माध्यम पत्थलगांव से 97.33 प्रतिशत के साथ सलोनी सिंह ने नवां स्थान, सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर से 97.17 प्रतिशत के साथ मोना यादव ने दसवां स्थान, प्रयास आवासीय विद्यालय जशपुर से 97.17 प्रतिशत के साथ आयुष साहू ने दसवां स्थान प्राप्त किया हैं। कक्षा 12 वीं में आयुषी गुप्ता ने सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर से 96.80 प्रतिशत के साथ पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर कलेक्टर जशपुर डॉ.रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर, संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता, यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पाण्डेय, शिक्षक ज्योति श्रीवास्तव, ममता सिन्हा, मनीषा भगत, अश्विनी सिंह, दिलीप सिंह, प्रभात मिश्रा, दीपक ग्वाला, राजेन्द्र प्रेमी, शांति कुजूर, मुकेश वर्मा, शिव सुन्दर यादव, छत्रशाल पटेल, नितेश गुंजन पैंकरा स्टाफ टीसी कश्यप, दिलीप राम, दीपक महतो, प्रदीप नायक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सीएम साय ने टॉपर्स सहित विद्यार्थियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- असफल बच्चे न हो निराश करते रहें मेहनत

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरूवार को जारी माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षा में सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने दसवीं की टॉपर छात्रा जशपुर की सिमरन शब्बा और बारहवीं की टॉपर छात्रा महक अग्रवाल को बधाई देते हुए उनकी उज्वल भविष्य की कामना की। श्री साय ने असफल विद्यार्थियों से निराश नहीं होने व निरंतर मेहनत करते रहने की बात कही। गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किए। इसमें दसवीं में जशपुर की सिमरन शब्बा, गरियाबंद की मोनिशा और जशपुर के ही श्रेयांश यादव टॉप थ्री में रहे। वहीं बारहवीं में क्रमशः महासमुंद की महक अग्रवाल, बलौदाबाजार की कोपल अम्बष्ठ और जशपुर की आयुषी गुप्ता व बलौदाबाजार की प्रीति टॉप थ्री में रहीं। दसवीं का परीक्षा परिणाम

प्रदेश के टॉपर को पुष्पगुच्छ देते एसपी शशिमोहन सिंह।

हादसे ने हाथ छीनी तो बच्ची की मदद के लिए उठे सैकड़ों हाथ

- जशपुरवासियों ने मुख्यमंत्री साय से की एक करोड़ की मांग

जशपुरनगर। एक दर्दनाक सड़क हादसे ने यहां की 12 वर्षीय श्रुति छतरिया की दोनों हाथ छीन लिए। घटना ने यहां के लोगों को झगझोर कर रख दिया है। मदद के लिए सैकड़ों हाथ खड़े हो रहे। समाज सेवी जितेन्द्र सिंह, हरिनाथ दास ने श्रुति छतरिया के निकट भविष्य को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से एक करोड़ की मांग की है। जी एन डब्लू एस के संस्थापक केसर हुसैन ने भी अपने फेसबुक वाल में श्रुति छतरिया के पक्ष में मुख्यमंत्री से एक करोड़ की सहयोग की मांग करने की बात कही है। यह सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जशपुरवासियों का कहना है मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बच्ची की स्थिति को देखते हुए मना नहीं करेंगे। हादसे के बाद छतरिया परिवार पूरी तरह चिंताग्रस्त और दुखी है। पिता दिलेश्वर छतरिया ने अपने सोशल एकाउंट में अपनी बेटी का वीडियो फोटो अपलोड कर अपना दर्द साझा किया है। दिलेश्वर छतरिया ने बताया कि जिंदगी और मौत से जूझते हुए हादसे में बेटी श्रुति की जान बच गई लेकिन दोनों हाथ डैमेज होने की वजह इलाज के दौरान उसे हाथ गवाने पड़े। फिलहाल उसका राजधानी के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद भुइयां समाज कल्याण समिति ने भी मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर सहयोग की मांग की है।

दुर्घटनाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि समय पर करने के निर्देश

जशपुरनगर। पुलिस महानिरीक्षक यातायात श्रीमती नेहा चंपावत तथा संजय शर्मा पुलिस उप महानिरीक्षक की रायपुर की अध्यक्षता में सड़क दुर्घटनाओं की आई रेड एप में आनलाइन प्रविष्टि के संबंध में राज्य स्तरीय वर्चुअल बैठक ली गई जिसमे जिला जशपुर से जिला सहायक नोडल अधिकारी रामसाय पैंकरा निरीक्षक यातायात प्रभारी, सुनेश्वर साय पैंकरा पुलिस निरीक्षक तथा शशिकांत नायक जिला रोलआउट प्रबंधक आई रेड, एनआईसी जशपुर सम्मिलित हुए थे। बैठक के मुख्य बिंदुओं में थानावार दुर्घटनाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि, माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों के अनुसार ''हिट एंड रन'' के मामलों में 30 दिनों के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना तथा इसके विरुद्ध दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों पर कृत कार्यवाही शामिल थे। राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि में जशपुर जिला द्वितीय स्थान पर है जिसके लिए जिले की काफी प्रशंसा भी हुई। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में कुल 353 प्रकरण तथा वर्ष 2024 में 8 मई 2024 तक कुल 180 प्रकरणों की शत प्रतिशत प्रविष्टि की गई है। सड़क दुर्घटनाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु आई रेड एप एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है जिसमें प्रविष्ट किए गए सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाकर सुधारात्मक कार्यवाही किया जा सके।

अधिकारियों की बैठक लेती श्रीमती नेहा चंपावत।

एसईसीएल में मनाया गया विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस

कोरबा। एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र में बीते दिनों कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के अवसर पर डॉ.आरके गुप्ता, महाप्रबंधक (संचालन), एसईसी एल कोरबा क्षेत्र द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत कोल इंडिया के कोरपोरेट गीत का समवेत स्वर में गायन किया गया एवं कोल इंडिया के चेयरमैन का संदेश को सुनाया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा बैज लगाया गया। महाप्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि कोल इंडिया में कोयला उत्पादन का कार्य चुनौती पूर्ण है, जहां प्रति दिन शून्य दुर्घटना का लक्ष्य के साथ उत्पादन करते है सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है जिससे की प्रत्येक कर्मचारी अपने सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सके।

अनियंत्रित कार पलटी जा गिरी खेत में

कोरबा। तेज रफ्तार और नशा कर वाहन चलाना लगातार लोगों की जान ले रहा है। आये दिन कही न कही दुर्घटना में लोगों की जान जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार की दोपहर लगभग बजे दीपका की ओर से आ रही तेज रफ्तार ग्लेंजा कार सीजी 12 बीबी 6802 कुचेना एनटीपीसी पुल से ठीक पहले बंटी होटल के पास अनियंत्रित होकर सड़क से उतर कर कई बार पलटते हुए खेत में जा पहुंची। इस हादसे में कार सवार राहुल अग्रवाल और एक अन्य को गंभीर चोट लगी है, घटना की सूचना पर कुसमुंडा पुलिस मौके पर पंहुची, घायलों को नजदीक अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया जहां उनका उपचार जारी है।

मतदान प्रतिशत में हुई 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खास बातें
- तीन चरणों में हुए मतदान में कुल 72 .8 प्रतिशत मतदान
- प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया

रीना बाबासाहेब कंगाले।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अपनी सहभागिता प्रदान करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोकसेवी संस्थाओं और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी।

उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्रीमती कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के साथ ही मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मतदाताओं को जागरुक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी लोगों, शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में इस बार लोकसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत में 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए तीन चरणों में हुए मतदान में यहां के कुल 72.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रदेश में हुए अब तक के लोकसभा चुनावों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है।

आउटसोर्सिंग कंपनियों में नौकरी व मुआवजे की मांग को लेकर भूविस्थापितों ने खोला मोर्चा

कोरबा। एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम अमगांव व सुवाभोड़ी के भूविस्थापितों ने मुआवजा व आउटसोर्सिंग कंपनियों में नौकरी की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कोयला उत्खनन व ओवरबर्डन कार्य में लगे मशीनों को बंद कर दिया और धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। सूचना मिलने पर दीपका प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास किया। इसके बाद भी ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन जारी रखा जिसके बाद प्रबंधन द्वारा पुलिस बल को बुलाकर आंदोलन को समाप्त करने का प्रयास किया गया लेकिन भूविस्थापितों ने साफ कह दिया कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी हमारा आंदोलन जारी रहेगा। भूविस्थापितों ने कहा कि ग्राम पंचायत सुवाभोड़ी के मुआवजे को लेकर प्रबंधन अनेक बाधाये उत्पन्न कर रही है जिसके कारण मुआवजा प्राप्त करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है दस्तावेजों को इतनी जटिल कर दिया गया है जिसके कारण मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है इसे सरल किया जाना बहुत जरूरी है पिछले दिनों भूविस्थापितों के प्रतिनिधित्व करने वाले मनीराम भारती का भी मुआवजा संबंधित दस्तावेज पूर्ण करने के बाद भी मुआवजा का भुगतान एसईसीएल दीपका प्रबंधन नहीं कर रहा था जिसके कारण अर्धनंग प्रदर्शन करके मुआवजा का भुगतान करने पर विवश हुआ। दूसरी ओर अमगांव पंचायत के ग्रामीणों ने अमगांव फेस पर सुबह 10 बजे से ही कार्य में लगे मशीनों को बंद कर दिया गया आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार देने के लिए एसईसीएल दीपका प्रबंधन वादा किया था दो माह बीत जाने के बाद भी एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा अमगांव के बेरोजगार नौजवानों को अभी तक आउटसोर्सिंग कंपनियों में नियोजित नहीं कर पाया जिससे नाराज ग्रामीणों ने दीपका कोयला खदान के खनन कार्य में लगे मशीनों को बंद कर दिया।

ग्रामीणों को समझाते पुलिस अधिकारी।

मदर्स-डे, 12 मई
स्पेशल

हरिभूमि
बालभूमि
haribhoomi.com

शुक्रवार, 10 मई 2024

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

हर बच्चे की जिंदगी में उसकी मां बहुत बड़ी जगह रखती है। मां के बिना उसकी जिंदगी सूनी है। मां है तो उसके जीवन में बहार है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** को बता रहे हैं, उनकी मां उनके लिए कितनी इंपॉर्टेंट हैं, उनका सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे कौन सा रहा, इस स्पेशल-डे पर ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपनी मां को क्या मैसेज देना चाहेंगे?

मेरी मां मेरी दुनिया

वह मेरी हिम्मत-ताकत और पहचान हैं : जारा वारसी

जारा वारसी इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची के रोल में सबको खूब हंसा रही है। 'मदर्स-डे' का जिक्र आते ही सबसे पहले वह यही बताती है कि उसके लिए उसकी मम्मी कितना महत्व रखती हैं। जारा बताती है, 'मेरी मां मेरी जिंदगी हैं। वह मेरी हिम्मत, ताकत और मेरी पहचान हैं। उनका पूरा दिन मेरी देखभाल करने में बीतता है, मुझे शो की शूटिंग और अपनी पढ़ाई के बीच तालमेल बैठाने में वह मेरी बहुत हेल्प करती हैं। मैं उनके बिना एक दिन की भी कल्पना नहीं कर सकती।' जारा के लिए उसका अब तक का सबसे यादगार मदर्स-डे कौन-सा था, पूछने पर वह बताती है, 'मेरे लिए सबसे यादगार मदर्स-डे वह था, जब हम भाई-बहनों ने मां को घर पर बनाई ब्रंच के साथ सरप्राइज दिया था। हमने डाइनिंग टेबल को फूलों और मोमबत्तियों से सजाया। जब मां टेबल के पास आईं, तो यह सब देखकर उनका चेहरा खुशी से खिल उठा था। हम सभी ने एक साथ टेस्टी खाने का आनंद लिया।' इस बार जारा की मदर्स-डे के लिए क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'मैंने मदर्स-डे के लिए अपनी ड्रॉइंग टीचर की मदद से मम्मी के लिए एक सुंदर-सा मदर्स-डे ग्रीटिंग कार्ड बनाना शुरू कर दिया है। उस दिन घर के सारे काम मैं करूंगी ताकि मम्मी आराम कर सकें। शूटिंग के दौरान, हम सभी चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपनी मांओं को एक बड़े केक के साथ सेट पर अचानक सरप्राइज देंगे।' जारा कहती है, 'मैं आज जो कुछ भी हूं, उसमें सबसे बड़ा योगदान मेरी मम्मी का है। मैं उनको हर बात के लिए 'थैंक यू' कहना चाहती हूं।' *

थैंक यू मां! हर हाल में मेरा साथ देने के लिए : शीहान कपाही

आजकल शीहान कपाही ने सोनी सब चैनल पर प्रसारित हो रहे शो 'वागले की दुनिया' में अथर्व वागले के रोल में दर्शकों का दिल जीत रखा है। उसके लिए उसकी मां उसकी दुनिया है। वह बताता है, 'मेरी मां मेरे लिए सब कुछ हैं। वह मेरे साथ हर हाल में खड़ी रहती हैं। मैं उनसे अपनी हर बात शेयर करता हूं। उनके प्यार और मार्गदर्शन ने मुझे वो बनाया, जो मैं आज हूं।'

शीहान अपना सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे याद करते हुए बताता है, 'दो साल पहले की बात है। मदर्स-डे के दिन अपनी मां के लिए नाश्ता बनाकर मैंने उन्हें सरप्राइज दिया था। सुबह जल्दी उठकर, अपने पापा की हेल्प से मैंने उनका पसंदीदा नाश्ता तैयार किया। जब हमने उनके सामने डोसा के साथ ताजे नारियल की चटनी रखी तो वह इसकी खुशबू से खिल उठीं। उनके चेहरे पर मुस्कान देखने लायक थी। इससे पहले मैंने पंखे पर कुछ फूलों की पंखुड़ियां रख दी थीं, ताकि जब वह कमरे में आएं और पंखा चले तो पूरा कमरा उनके स्वागत में फूलों की पंखुड़ियों से भर जाए।' इस साल शीहान अपनी मां के लिए क्या स्पेशल प्लान कर रहा है, वह बताता है, 'मैं मां को मॉल में शॉपिंग के लिए ले जाऊंगा या फिर घर पर उनकी कोई पसंदीदा फिल्म टीवी पर लगा दूंगा। साथ ही मैं उनके लिए कुछ स्पेशल भी करना चाहता हूं, जैसे हाथ से बना कार्ड या हमारे पसंदीदा यादों की एक स्क्रैप-बुक बनाऊंगा। लेकिन सबसे अधिक मैं उन्हें यह बताने के लिए एक्साइटेड हूं कि मां आप मेरे लिए बहुत इंपॉर्टेंट हैं। मैं सचमुच आपकी बहुत कद्र करता हूं। आपका प्यार और समर्थन मेरे लिए सब कुछ है। मैं अपनी मां के रूप में आपको पाकर बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं। थैंक यू मां! हर हाल में मेरा साथ देने के लिए, मुझ पर विश्वास करने के लिए।' *

उनके बिना मेरा जीवन अधूरा है : व्योम ठक्कर

व्योम ठक्कर ने एंड टीवी के शो 'अटल' में यंग अटल का रोल प्ले करके एक अलग ही धाक जमा ली है। मदर्स-डे के मौके पर वह अपनी मां के लिए अपनी फीलिंग्स शेयर करते हुए बताता है, 'मेरी मां की मेरे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं उनके लव और सपोर्ट के लिए हमेशा उनको 'थैंक यू' कहता हूं। मेरी मां, मेरी हर जरूरत का ध्यान रखती हैं। वो इस बात का भी ध्यान रखती हैं कि मैं अपने एक्टिंग करियर और पढ़ाई, दोनों में बेहतर परफॉर्म करूं। दोनों के बीच तालमेल बैठाने में मां मेरी पूरी मदद करती हैं। उनके प्यार और देखभाल की कोई सीमा नहीं है।'

व्योम अपना सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे भी बताता है, 'एक साल मदर्स -डे पर मैंने मां को एक प्यारा सा पत्र लिखा था, जिसमें मैंने उन्हें बताया था कि वह मेरे लिए कितनी इंपॉर्टेंट हैं। उसके बाद मैंने उन्हें एक स्पेशल गिफ्ट भी दिया था। बाद में हम एक साथ रेस्तरां में डिनर करने गए थे। उस दिन मां के साथ बिताया गया पल मेरे लिए बहुत ही मेमोरेबल है।' इस साल मदर्स-डे को व्योम कैसे स्पेशल ढंग से सेलिब्रेट करेगा, वह बताता है, 'इस बार का मदर्स-डे और भी खास बनाने के लिए मैंने प्लानिंग कर रखी है। सबसे पहले मैं मां की पसंदीदा डिशेज बनाने की सोच रहा हूं। उन्हें फिल्में देखना बहुत पसंद है, हम एकसाथ फिल्म देखने जाएंगे या फिर बाहर घूमने जाएंगे। इसके अलावा मैं उन्हें एक स्पेशल गिफ्ट भी दूंगा। ये सभी प्लानिंग्स मुझे उनके साथ समय बिताने का अवसर देंगी।' व्योम अपनी मां को क्या मैसेज देना चाहेगा, पूछने पर कहता है, 'मां, मैं आपसे कहना चाहूंगा, आप मेरे लिए सबसे इंपॉर्टेंट हैं। मैं आज जो कुछ भी हूं, आपके लव, केयर और सपोर्ट से हूं। मेरी लाइफ को मीनिंगफुल बनाने के लिए थैंक यू मां!' *

प्रस्तुति:हरिभूमि फीचर्स

ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मौका मदर्स-डे का हो तो यह बनता ही है कि अपनी मम्मी को कुछ स्पेशल फील कराया जाए, उन्हें खुशी दी जाए। हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, जिनसे तुम मदर्स-डे को मेमोरेबल बना सकते हो।

मम्मी को फील कराओ स्पेशल

बच्चों, हमारी जिंदगी में मां बहुत ही महत्व रखती हैं। मां हमारा बहुत ज्यादा ध्यान रखती हैं ताकि हमें कोई तकलीफ ना हो, हम हमेशा खुश रहें। हमें जरा-सी तकलीफ हुई नहीं कि हमारी मांएं परेशान हो जाती हैं, तुरंत ही हमारी परेशानी को दूर करने में जुट जाती हैं। जब तक हमारी परेशानी दूर नहीं होती, उन्हें चैन नहीं पड़ता।

बच्चों, जिस तरह मां हमारी इतनी चिंता करती हैं, हमारी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखती हैं, उनके प्रति हमारे भी कुछ दायित्व हैं, जिम्मेदारी है कि हम भी उनका पूरा ध्यान रखें। उन्हें कभी कोई तकलीफ नहीं होने दें। हम हर दिन तो उनका ख्याल रखें ही, लेकिन जब 'मदर्स-डे' जैसा अवसर आए तो हम उन्हें कुछ स्पेशल भी फील कराएं।

अपनी फीलिंग्स ऐसे करो एक्सप्रेस: बच्चों, मदर्स-डे के दिन अपनी मम्मी के लिए तुम्हारी जो भी फीलिंग्स हैं, उन्हें एक कागज पर लिख लो। उनके लिए तुम कोई प्यारी-सी कविता भी लिख सकते हो या फिर मदर्स-डे की थीम पर कोई ड्रॉइंग, पेंटिंग बना सकते हो। इसे मदर्स-डे की सुबह-सुबह चुपके से मम्मी के तकिए के नीचे या फिर किसी ऐसी जगह रख दो कि सोकर उठते ही मम्मी की नजर सबसे पहले इसी पर पड़े। तुम्हारा यह 'सरप्राइज मैसेज' तुम्हारी मम्मी को बहुत ही प्यारा लगेगा।

दो प्यारा-सा गिफ्ट : बच्चों, मदर्स-डे के स्पेशल ऑकेजन पर आजकल मार्केट में तरह-तरह के गिफ्ट आइटम्स और कार्ड्स अवेलेबल होते हैं। तुम अपनी पॉकेट मनी से अपनी मम्मी के लिए कोई प्यारा-सा गिफ्ट या कार्ड खरीद कर उन्हें दे सकते हो। लेकिन ज्यादा अच्छा यह होगा कि तुम अपने हाथों से कोई गिफ्ट या कार्ड बनाकर उन्हें दो। मम्मी को तुम्हारे हाथों से बनाया हुआ गिफ्ट मार्केट से खरीदे हुए गिफ्ट से अधिक पसंद आएगा।

मम्मी को दो पूरा आराम : बच्चों, हर रोज सुबह से लेकर रात तक तुम्हारी मम्मी के पास बहुत सारे काम रहते हैं। मदर्स-डे के दिन अपनी मम्मी को घर का कोई भी काम मत करने दो। सुबह से लेकर रात तक के सारे कामों की जिम्मेदारी तुम लो। मदर्स-डे के दिन मम्मी से बोलो, 'आज आप आराम करें, एंज्वॉय करें।' घर के कामों में अपने भाई-बहन की भी हेल्प ले सकते हो। मदर्स-डे के दिन अपने हाथों से बनी कोई स्पेशल डिश अपनी मम्मी को जरूर खिलाओ। इसे खाकर उन्हें मजा आएगा। *

अपनी दादी-नानी मां को भी करो विश

बच्चों, अगर तुम्हारी दादी मां तुम्हारे साथ रहती हैं, तो मदर्स-डे पर तुम उन्हें भी विश करो, यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा की मम्मी हैं, घर में सबके प्यार और सम्मान की हकदार हैं। अगर दादी मां तुम्हारे साथ नहीं रहती हैं, होम टाउन में रहती हैं तो तुम उन्हें कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो। उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। बच्चों, सिर्फ दादी मां को ही नहीं, अपनी मम्मी की मम्मी यानी नानी मां को भी मदर्स-डे पर विश करो। जब तुम उन्हें 'हैप्पी मदर्स-डे' बोलोगे तो वह बहुत ज्यादा खुश होंगी, निहाल हो जाएंगी।

जीके क्विज- 103

1.किस विश्व प्रसिद्ध धावक को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का ब्रैंड एंबेसेडर बनाया गया है?
2.हाल ही में बिस्का जात्रा (बिस्किट यात्रा) महोत्सव-2024 किस देश में आयोजित हुआ?
3.भारतीय संसद की एक वर्ष में कम-से-कम कितनी बैठकें होनी आवश्यक हैं?
4.कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
5.जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
6.कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
7.'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
8.बल का मात्रक क्या होता है?
9.गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?
10.'गीतांजलि' किसकी रचना है?

बच्चों, जीके क्विज-103 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-102 का उत्तर : 1.एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, 2.आईजीआई एयरपोर्ट-दिल्ली, 3.इंडोनेशिया, 4.बृहस्पति, 5.साइरस (डॉग स्टार), 6. मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.दूसरा, 8.प्लेटिनम, 9.बछेंद्री पाल, 10.मेगस्थनीज

जीके क्विज-102 का सही उत्तर देने वाले: यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, मानवी मधुकर-बिलासपुर, राहुल-हिसार, सरबजीत-करनाल, बी. ईशान- अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, प्रिया-दुर्ग, नेहा–सुरजपुर, कबीर-हिसार, पृथ्वीराज,मुस्कान- ईमेल से

हंसगुल्ले

चिंटू : मिंटू बताओ, अक्ल बड़ी या भैंस?
मिंटू : पहले दोनों की डेट ऑफ बर्थ बताओ, फिर बताऊंगा।

-चांदनी, दुर्ग

पिंकी : मम्मी, मैं टीवी देखते-देखते होमवर्क कर लूं?
मम्मी : हां, ठीक है! लेकिन टीवी ऑन मत करना।

-रचित, जींद

अंकल (रोहित से) : बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?
रोहित : अंकल, मैं उन्हें नाम से नहीं बुलाता हूं। बस प्यार से पापा ही कहता हूं।

-आकाश, रायपुर

सोनू : विटामिन सी सबसे ज्यादा किस सब्जी या फल में पाया जाता है?
मोनू : हरी मिर्च में।
सोनू : तुम्हें कैसे पता?
मोनू : क्योंकि इसे खाने के बाद मुंह से 'सी..सी..' की आवाज निकलती है।

-रानी, भोपाल

कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

क्लास में नेहा मैडम ने बच्चों से पूछा कि वे इस बार मदर्स-डे पर अपनी प्यारी मां के लिए क्या स्पेशल करेंगे? सभी बच्चों ने एक-एक करके अपनी प्लानिंग बताई, लेकिन रागिनी खामोश रही। उसकी आंखों में आंसू थे। उसकी आंखों में आंसू क्यों थे? क्या वह मदर्स-डे सेलिब्रेट नहीं कर पाई?

सारे जग से न्यारी... मां



नेहा मैडम ने क्लास में इंट्री की। उनके हाथ में पहेली का एक कार्ड था। क्लास के बच्चों को समझते देर न लगी कि कोई खास दिवस आने वाला है। जब भी कोई स्पेशल-डे आने को होता, नेहा मैडम पहेली बूझती हैं। इस बार नेहा मैडम ने जो पहेली पूछी, उसकी चारों पंक्तियों में एक ही शब्द भरना था। नेहा मैडम ने बच्चों से पहेली पूछना शुरू किया, 'सारे जग से न्यारी... , ममता भरी पिटारी..., सचमुच बहुत दुलारी..., सब बच्चों को प्यारी...।'

'मां... मां... मां... मां।' सारे बच्चे एक साथ बोले।

मैडम हंसीं, पूछा, 'क्या बता रहे हो? मामा या मां..?'

'मां!' बच्चों ने फिर एक-साथ उत्तर दिया। मैडम खुशी से बोलीं, 'हम्म...वैरी गुड!' फिर उन्होंने पूछा, 'तो बताओ, मां के लिए तुम लोग मदर्स-डे पर क्या स्पेशल करने वाले हो?'

एक बार फिर सारी क्लास में शोर गूंज उठा। हर बच्चा जोर-जोर से बोलने लगा। मैडम ने समझाया, 'ऐसे नहीं, एक-एक कर बताओ।' आगे से एक-एक कर बच्चे 'मदर्स-डे' को लेकर अपनी-अपनी प्लानिंग बताने लगे। कुंज बोला, 'मैं तो उस दिन अपनी मम्मी को एक प्यारा-सा कार्ड बना कर दूंगा।' माधव ने कहा, 'मैं तो पापा से कह कर मम्मी की मनपसंद मिठाई मंगवाऊंगा। मम्मी के साथ खुद भी खाऊंगा।' एलिस बोली, 'मैं तो मम्मी के हाथों पर मेहंदी लगाऊंगी। मैं बहुत अच्छी मेहंदी लगाती हूं।' पुष्कर ने कहा, 'मैं तो मम्मी के काम में उनकी हेल्प करूंगा।'

अगला नंबर रागिनी का था। लेकिन वह तो चुप और खोई-खोई सी बैठी थी। जैसे इस क्लास में हो ही नहीं। उसके बगल में बैठी सुधा ने उसे हिलाया, 'बोलो-बोलो रागिनी, तुम क्या करोगी?'

रागिनी ने जैसे सुना ही नहीं। पता नहीं वह क्या सोच रही थी। मैडम उसके पास आईं और पूछा, 'क्या हुआ रागिनी, मदर्स-डे पर तुम क्या करने वाली हो?'

रागिनी की आंखों में आंसू छलक आए। धीमे से बोली, 'मैडम, मेरी मम्मी बहुत बीमार हैं। वो अस्पताल में एडमिट हैं। उनके न होने से घर में बहुत प्रॉब्लम्स हो रही हैं। घर में खाना नहीं बन रहा है, बाहर से आ रहा है।' रागिनी ने यह भी बताया कि उसे मम्मी से मिलने अस्पताल भी नहीं जाने दिया गया। वह स्कूल के बाद पापा के वापस आने तक घर में अकेली ही रहती है।

नेहा मैडम ने रागिनी को समझाया, 'चिंता मत करो बेटे, सब ठीक हो जाएगा।'

छुट्टी के बाद रागिनी घर पहुंची। मम्मी के बिना घर कितना अजीब-सा लग रहा था। दीवारें जैसे रो रही थीं। उसके स्कूल से आते ही कैसे मम्मी झट से किचेन में जाती थीं। उसकी मनपसंद चीजें बनाकर उसे खिलाती थीं। रागिनी ने देखा, सारा घर कैसा अस्त-व्यस्त है।

असल में मम्मी का ब्लड प्रेशर लो हो गया था। चक्कर खाकर गिर गई थीं। वैसे भी वह बहुत दुबली और कमजोर हैं। अपना ध्यान ही कहां रख पाती हैं। हर वक्त बस काम में जुटी रहती हैं। रागिनी को लग रहा था, जैसे मम्मी की बीमारी में वह भी कसूरवार है। वह कब काम में मम्मी की हेल्प करती है? कब उनका हाथ बंटाया? स्कूल से आकर कैसे वह अपना सामान बिखरा देती है। सब मम्मी ही तो समेटती हैं। खाना खाकर बर्तन वॉश-बेसिन तक नहीं ले जाती। वह भी मम्मी ही उठाती हैं। इतनी बड़ी हो गई, लेकिन जुराब, टाई, ड्रेस सब कुछ मम्मी से ही मांगती है। मम्मी तो कभी आराम नहीं करती हैं। रागिनी मन ही मन शर्मिंदा हो रही थी। वह चुपचाप उठी और किचेन में जाकर बर्तन धोने लगी, फिर बिस्तर ठीक किया। बिखरा सामान समेटा। मम्मी को याद करते हुए बार-बार उसकी आंखें भीग जातीं। बार-बार उसे सुबकाई आ रही थी। वह मन ही मन बोली, 'सॉरी मम्मी...।'

तभी पापा आ गए। रागिनी को देखकर बोले, 'अरे! तुम यह सब क्या कर रही हो?' पापा कब आ गए, उसको पता ही नहीं चला। रागिनी ने पापा के सवाल पर भी ध्यान नहीं दिया। हां, खुद उनसे पूछा, 'पापा, अब कैसी हैं मम्मी?'

'चलो, मिलो न उनसे। ड्राइंगरूम में हैं। नानी भी आ गई हैं।' पापा ने बताया।

रागिनी खुशी से झूम उठी। वह भागकर ड्राइंगरूम में गई और जाकर मम्मी से लिपट गई। रागिनी ने उनसे कुछ कहा नहीं, फिर भी जाने क्यों उसे ऐसा लग रहा था, मम्मी उसके मन की सारी बातें समझ गई हैं। रागिनी नानी से बोली, 'नानी..नानी! आप मुझे मेरी मम्मी के बचपन की बातें बताएंगी न?' नानी हंसकर बोलीं, 'हां-हां, क्यों नहीं! तेरी मम्मी तो बचपन में बहुत अच्छी थीं, मेरा बहुत ध्यान रखती थीं।'

रागिनी धीरे-से बोली, 'मैं भी अपनी मम्मी का खूब ख्याल रखूंगी।' ऐसा कहते हुए उसने एक प्यारी-सी, मीठी-सी पप्पी नानी के झुर्रियों वाले गाल पर जड़ दी। *

कविता

सूर्य कुमार पांडेय

मां से बढ़कर कौन महान

मां ने हमको जन्म दिया है,
पाल-पोस कर बड़ा किया है।
मां का आंचल सुख की छाया,
मां ने हम पर प्यार लुटाया।
मां रखती बच्चों का ध्यान,
मां से बढ़कर कौन महान!
मां है ममता का अवतार,
भूलें कभी न यह उपकार।
बहुत बड़ी हो जाऊंगी जब,
अपना फर्ज निभाऊंगी तब।
मां को कभी नहीं भूलूंगी,
उनका पूरा ध्यान रखूंगी।
बहुत बड़ा हो जाऊंगा जब,
मां का कर्ज चुकाऊंगा तब।
उनको अपने साथ रखूंगा,
मां की सेवा रोज करूंगा।

अंतर बताओ

बच्चों, यहां मदर्स-डे से रिलेटेड एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट अंतर खोजो।



उत्तर : 1.बुक-शेल्फ के ऊपरी खाने में किताबें रखी हैं। 2.टेबल पर चाय के दो कप रखे हुए हैं। 3.लड़की की फ्रॉक प्रिंटेड है। 4.सोफे के बगल में लैंप-शेड रखा हुआ है। 5.गिफ्ट की पैकिंग का कलर डिफरेंट है। 6.मम्मी के टॉप में बटन लगे हुए हैं। 7.दीवार पर एक फोटो फ्रेम कम है। 8.मम्मी के पीछे रखा स्टूल गायब है।

रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित अपनी मम्मी को बुके देकर मदर्स-डे विश करना चाहता है। हर्षित की मम्मी एक भूल-भुलैया में कहीं छिपकर उसको आवाज दे रही हैं। तुम जल्दी से रास्ता खोजकर हर्षित को उसकी मम्मी तक पहुंचने में मदद तो करो।



चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।



उत्तर:A-1, B-2, C-4, D-3

खबर संक्षेप

महिला समिति ने खदान में खोला प्याऊ

रायगढ़। श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर के तत्वावधान में सुचेतना महिला समिति रायगढ़ क्षेत्र की टीम परहित और कल्याण को समर्पित सेवा एवं सदभाव से अर्पित श्रीमती पूनम मिश्रा अध्यक्षा श्रद्धा महिला मंडल के मार्गदर्शन मे सुचेतना महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती रीना पांडे के दिशानिर्देशन में 9 मई को जामपाली खुली खदान के काली मंदिर प्रांगण मे समाज के प्रति सेवा भावना से समर्पित के तहत प्याऊ स्टाल की शुभारम्भ की गई। जिसमे जल जीरा, रसना, आम का पन्हा तथा तरबूज की सेवा साथ शुरुवात की गई। उक्त कार्यक्रम मे सुचेतना महिला समिति की श्रीमती वृंदा चौबे, श्रीमती स्नेहा अटल, श्रीमती मंजू अहिरवार, श्रीमती कल्याणी प्रधान, की गरिमामयी उपस्थित रहीं।

नए आयाम गढ़ रहा आलोक इंटरनेशनल स्कूल

खरसिया। खरसिया के रजघटा में संचालित आलोक इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम गढ़ रहा है। आलोक इंटरनेशनल स्कूल की संचालिका सना बजाज ने बताया कि खरसिया में एक अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी से भरपूर आलोक इंटरनेशनल स्कूल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपना परचम लहराया है वहीं बच्चों को खेलकूदए समाजिक गतिविधियों से भी परिचित करवा रहा है। यहां यह बताना उल्लेखनीय होगा कि इस स्कूल को खरसिया के प्रसिद्ध उद्योगपति स्वर्गीय मुरली अग्रवाल ने अपने पुत्र आलोक अग्रवाल के आकस्मिक निधन के पश्चात उसकी स्मृति में लगभग आठ वर्ष पहले निर्मित किया था। तब यह उद्देश्य था कि खरसिया के आसपास के बच्चों को भी स्तरीय शिक्षा सहजता से उपलब्ध हो सके। आज भी संस्थान इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु दृढ संकल्पित है। साथ सरकार के शिक्षा का अधिकार योजना में भी स्कूल अपना हाथ बटा रहा है। स्कूल में बोर्डिंग की तर्ज पर सभी आधुनिक सुविधाएं और राष्ट्रीय स्तर के काबिज विदवान शिक्षक बच्चों में शिक्षा और संस्कार भरने का का काम कर रहे हैं।

45 पाव शराब के साथ बाइक जब्त, एक गिरफ्तार

रायगढ़। खरसिया पुलिस क्षेत्र में जुआ सट्टा अवैध शराब पर अंकुश लगाने अभियान स्तर पर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में आज गुरुवार को खरसिया पुलिस को पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि हेमंत डनसेना अपने ढाबा में अवैध बिक्री के लिए मोटर सायकल स्प्लेंडर पर शराब लेकर खरसिया से भालूनारा की ओर आ रहा है। सूचना पर खरसिया पुलिस मेन रोड़ चोढ़ा के पास घेराबंदी कर संदेही हेमंत डनसेना को हिरासत में लिया गया जिसके पास रखे बैग में रखे 35 पाव देसी प्लेन, 10 पाव जम्मू विस्की अंग्रेजी शराब एवं 02 पाव मैकडॉवेल नंबर वन शराब 'जुमला 45 पाव शराब कीमती 5 हजार एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्प्लेंडर सीजी 13 यूबी 7948 कीमती 20 हजार जब्त किया गया। आरोपी हेमंत डनसेना पिता पूरन लाल डनसेना 26 साल निवासी ग्राम भालूनारा थाना खरसिया के विरुद्ध थाना खरसिया में धारा 34,2,59,क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा।

श्रद्धांजलि

कृष्णा देवी सोनी

रायगढ़। शहर के हटरी चौक निवासी, श्रीकैलाशपति धाम के पुजारी बाबा रामसिंह और गौरक्षक श्याम सिंह सोनी की माताश्री 105 वर्षीया विदुषी धर्मपरायण महिला श्रीमती कृष्णा देवी सोनी के निधन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश मेहर, संतोषरॉय, दिनेश जायसवाल, संतोष अग्रवाल, रमेश बंसल, सुरेश अग्रवाल लिट्टी, हरेराम तिवारी, भुवाल शुक्ला, दिनेश शर्मा, धर्मपाल चौधरी,उज्जवल मिरी, राजू चौहान आदि कांग्रेसजनों ने शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने परमेश्वर से प्रार्थना की है।

छाल वनपरिक्षेत्र के भलमुडी की घटना

तेन्दूपत्ता तोड़ने के दौरान ग्रामीण को हाथी ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल

धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल वन परिक्षेत्र के आरएफ 519 औरानारा में गुरुवार को हाँथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक का नाम सुबरन राठिया पिता बुद्धु राठिया निवासी भलमुडी के रूप में हुई है। बताया जा रहा मृतक कल दोपहर से तेंदूपत्ता तोड़ने गया था रात में वापस नही आया। सुबह जब पता लगाया गया तो जंगल मे सुबरन राठिया की लाश मिली।

बताया जा रहा मृतक कल दोपहर से तेंदूपत्ता तोड़ने गया था रात में वापस नही आया। सुबह जब पता लगाया गया तो जंगल मे सुबरन राठिया की लाश मिली। ग्रामीणों का कहना है की कल बुधवार को घर से तेन्दु पत्ता गड्डी बांधने जंगली रस्सी लेने अपने खेत के पास जंगल गया था। शाम तक घर वापस नहीं आया तब जाकर आज ग्रामीणों द्वारा जंगल में खोजबीन करने पर मृत अवस्था में पाया गया। बता दें छाल रेंज में हाथी हमले से अब तक 59 व्यक्तियों की मौत हो चुकी हैएवहीं अब तलक यहां 28 हाथियों की भी कब्रगाह बन चुकी है।हाथी मानव द्वंद को कम करने वन विभाग के सारे कवायद धरातल पर सिफर ही साबित हो रहे हैं।यह भी बता दें की मौजूदा रेंज अफसर अपने वन परिक्षेत्र में वनों की कटाई रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं वहीं जब से सन 2021 से इन्होंने छाल वन परिक्षेत्र का पदभार संभाला है तब से आज तक यहां 5 हाथियों की अकाल मौत हो चुकी है वहीं हाथियों द्वारा 6 ग्रामीणों की भी जनहानि हो चुकी हैएजो की विभाग के लिए काफी चिंता का विषय है।

घटते कटते जंगल बढ़ते हाथी

वर्तमान परिदृश्य में वन मंडल के छाल क्षेत्र में लगातार वनों की अवैध कटाई हो रही है जिसे रोक पाने संबंधित अधिकारी कर्मचारी असमर्थ नजर आ रहे हैं वहीं जंगली हाथियों की संख्या में इजाफा हो रहा है जो की नष्ट होते वनों के चलते भोजन पानी की तलाश में अब रिहायशी इलाकों में घुसने लगे हैं इंसानों ने जंगल में घुसपैठ अतिक्रमण करना तेज कर दिया है ऐसे में हाथी कहां जायेंगे वे भी इंसानी आबादी वाले क्षेत्रों में आने को मजबूर हैं।

सापखंड के जंगल में मिली युवक की अर्धनग्न लाश, शिनाख्त नहीं

रायगढ। ओड़ीशा बॉर्डर से लगे सांपखड़ जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में अर्धनग्न हालत में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मर्च्युरी भेज पहचान में जुट गई है। इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर ग्राम विश्वनाथपाली और कोसमपाली के बीच सांपखड़ जंगल में ग्रामीणों ने अर्धनग्न हालत में एक अधेड़ व्यक्ति को जमीन पर पड़े हुए देखा। शरीर पर कोई हरकत नहीं होने के कारण उनके होश उड़ गए। उन्होंने नजदीकी चक्रधर नगर थाना को सूचित किया तो पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शख्स की नब्ज टटोली तो पाया कि उसकी मौत हो चुकी थी। वर्दीधारीयों ने मृतक की पहचान के लिए आसपास पूछताछ की लेकिन शिनाख्ती नहीं हो पायी। फिर क्या पुलिस ने शव को लावारिस मानते हुए उसे जिला अस्पताल के मर्च्यूरी रूम में रखवाया और मृतक की पहचान के लिए जरूरी कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

वन विभाग के सुपुर्द हुआ दुर्लभ प्रजाति का पेंगोलिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- वन अमले ने सुरक्षित जंगल में छोडा

रायगढ़ जिले में बीते बुधवार रात दुर्लभ प्राजाति का जीव पेंगोलिन को घूमते हुए देखा गया। इसके बाद उसे मोहल्ले वासियों ने पकड़कर थाना ले गए जहां उस पेंगोलिन को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। यह जूटमिल थाना क्षेत्र का मामला है।

जानकारी के मुताबिक रात करीब दस बजे वार्ड क्रमांक 32 के जगदेव स्कूल के पीछे दुर्लभ जीव पेंगोलिन आ गया। तभी उसपर क्षेत्र के बच्चों की नजर पड़ीं। धीरे धीरे पूरे क्षेत्र में इसकी खबर फैल गई और लोग इकट्ठा हो गए। इसकी जानकारी क्षेत्र के पार्षद को दी गई। इसके बाद मोहल्ले वासियों ने किसी तरह इसे पकड़ा और जूटमिल थाना ले आए जहां मामले की सूचना वन अमला को दी गई।

जानकारी मिलते ही वनकर्मी तत्काल जूटमिल थाना पहुंचे, जहां पेंगोलिन को वन अमला को सुपुर्द कर दिया गया। रायगढ़ डिप्टी रेंजर दिनबंधु प्रधान ने बताया कि रात में दुर्लभ जीव पेंगोलिन मिलने की सूचना आयी थी।
जिसके बाद मौके पर उसे वन विभाग ने अपने सुपुर्द में लिया। अब उसे सुरक्षित ढंग से जंगल में छोड़ा जाएगा।

निर्वाचन अधिकारी, प्रेक्षक और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सील हुई ईवीएम

- 27 दिनों के लिए कडी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम सील

रायगढ़। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तीसरे चरण में 7 मई को रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात रायगढ़ जिले के 4 विधानसभाओं के ईवीएमए वी वी पै ट मशीनों के जमा करने का सिलसिला गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज परिसर में चलता रहा। तत्पश्चात आज चारों विधानसभाओं के मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ के लिए विधानसभा वार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के लिए गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज रायगढ़ में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। वहीं स्ट्रांग रूम की चौबीस घंटे सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल के जवान तैनात किए गए है। सभी विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम सुरक्षा हेतु दरवाजे पर सुरक्षा बल के अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। सुरक्षा की मॉनिटरिंग हेतु कक्ष बनाए गए है। जहां से सभी स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है।

4 जून को होगी मतगणना

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 7 मई को हुए मतदान के पश्चात सभी ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। जो आगामी 4 जून को रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना की जाएगी।

शराब के नशे में छत से गिरा युवक, मौत

रायगढ़। शराब के नशे में छत में सो रहा युवक नीचे गिर गया, जिससे गंभीर चोट लगने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जुटमिल थाना क्षेत्र स्थित जेल कांम्प्लेक्स की छत पर मृतक सत्येंद्र सिंह 30 वर्ष हर दिन रात में सोता था, ऐसे में विगत एक मई को भी रात में नशे की हालत में सोया हुआ था, जिससे नींद में ही वह नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोट लगी थी। जिससे आसपास के लोगों ने उसे मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा था, विगत 4 मई को मौत हो गई। अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर जुटमिल पुलिस उसके परिजनों की तलाश कर रही थी, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

महानदी का सीना छलनी कर रहे माफिया बेखौफ हो रहा रेत उत्खनन व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ किकिरदा-बिर्रा

क्षेत्र में महानदी और हसदेव से रोजाना रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन हो रहा है। यहां से ना केवल रात में बल्कि दिन में भी रेत लोड गाड़ियां दौडते रहती है, तो भारी भरकम मशीनों से रेत का उत्खनन भी बेरोक टोक हो रहा है। वहीं जिम्मेदार विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

करही एवं आसपास के घाटों से रेत का अवैध परिवहन बेखौफ हो रहा है। माफिया जेसीबी और चैन माउंटेन लगाकर इस क्षेत्र में महानदी का सीना छलनी कर रहे है। इसके साथ ही अवैध परिवहन का काम भी ना केवल रात के अंधेरे में बल्कि दिन में भी बेरोक टोक होने लगा है। करही महानदी इन दिनों हर रोज ट्रैक्टरों से रेत का परिवहन धड़ल्ले से होता है। दिन और रात दौड़ रही गाड़ियां सैकड़ों ट्रिप रेत लेकर जाती है। इसके अलावा क्षेत्र से बड़े वाहनों में भी रेत का अवैध परिवहन होता है। इन सब पर रोक लगाने वाला जिम्मेदार खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर महज औपचारिकता निभाई जाती है। मौके पर पहुंची टीम कभी कभार दो चार गाड़ियों को पकड़कर जुर्माना कर देती है। लेकिन लगातार होने वाले अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती।

ट्रेक्टरों के माध्यम से कर रहे रेत का अवैध परिवहन।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़। रेडक्रॉस के जनक सर हेनरी ड्यूनॉट के जन्म दिवस पर 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन कार्यालय भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ में किया गया। कार्यक्रम के आरंभ डॉ.बीके चंद्रवंशी सचिवध्मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ एवं डॉ.एचएस उरांव प्रभारी अधिकारी एवं उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सर हेनरी ड्यूनॉट एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना से किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित संतोष अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक सदस्य रेडक्रॉस रायगढ़ द्वारा रेडक्रॉस रायगढ़ की मानव कल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी। डॉ.उरांव ने रक्तदान शिविर, जिला दिव्यांगजन पुर्नवास का संचालन, आशा निकेतन वृद्धाश्रम का संचालन, निःशुल्क ऑक्सीजन सिलेण्डर, व्हील चेयर, एअर बेड, वाटर बेड की आदि रेडक्रॉस द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी एवं सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मुकेश शर्मा प्रबंधक रेडक्रॉस मेडिकल स्टोर, डीपीएम सुश्री रंजना पैंकरा आदि मौजदू रहे।

जशपुर और सारंगढ़ में पिछड़ा, रायगढ़ जिले में बढ़ा सवा दो फीसद मतदान प्रतिशत

जिले के चार विधानसभाओं में इस बार लोकसभा चुनाव में 81 फीसद मतदान

रायगढ़। लोकसभा चुनाव के दौरान 7 मई को हुए मतदान में रायगढ जिला पूरे प्रदेश में सर्वाधिक मतदान वाले जिलों की श्रेणी में प्रथम पायदान पर पहुंच गया है। बीते पंचवर्षीय के मुकाबले इस बार रायगढ जिले में सवा दो फीसद अधिक मतदान दर्ज किया गया है। वहीं लोकसभा क्षेत्र में सारंगढ व जशपुर के मतदाताओं की उदासीनता के कारण मतदान प्रतिशत में कुछ कमी जरुर आई है किंतु जिले में सर्वाधिक मतदान ने जिला प्रशासन की कोशिशों को कामयाब बनाया है।

कलेक्टर गोयल ने जताया मतदाताओं का आभार

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए 07 मई शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने पर सभी मतदाताओं और निर्वाचन कार्य के सफल संपादन में भूमिका निभाने वाले सभी सहयोगियों का आभार जताया है। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान की प्रकिया पूर्ण होने के पश्चात अपने आभार संदेश में कहा है कि निर्वाचन की प्रक्रिया जन जन से जुड़ी होती। सभी की इसमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष भूमिका होती है। रायगढ़ जिले में सभी ने अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया जिसके फलस्वरूप रायगढ़ जिले ने मतदान में नया कीर्तिमान रचते हुए पूरे प्रदेश में सर्वाधिक मतदान का रिकॉर्ड बनाया है। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी मतदाताओं, निर्वाचन में संलग्न कर्मचारियों के सहयोग हेतु विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

तमनार में उत्साहित नजर आए नव मतदाता

तमनार। लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के तमनार, पूंजीपथरा गेरवानी, तराईमाल सराईपाली राबो, मिलूपारा, धौराभांठा में शाम तक मतदाताओं द्वारा लगभग 80 प्रतिशत से अधिक मतदान किया गया। मतदान दिवस 7 मई वैशाख माह में काले बादल छाया रहा एवं कहीं कहीं रिमझिम बारिश होने से गर्मी से लोगो को राहत मिली भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में 10 आदर्श मतदान केंद्र व संगवरी मतदान बनाया गया था, वरिष्ठजनों हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी। आदर्श व संगवरी मतदान केन्द्रों मे स्वीप सेल्फी पॉइंट, मतदान केंद्रों में गर्मी से बचने के लिए टेंट व ओआरएस शरबत ठंडा पानी की व्यवस्था की गई। निर्वाचन में लगे अधिकारी कर्मचारियों, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, ग्राम पंचायत, सीआरपीएफ, पुलिस प्रशासन, राजस्व, वन एवं सामाजिक संस्थाओं महिला समूह, स्काउट गाइड, मितानिन कोटवार अन्य का सराहनीय योगदान से शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न हुआ।

एनटीपीसी लारा को पर्यावरण संरक्षण के लिए आपेक्ष इंडिया अवार्ड पुरस्कार

डायमंड अवार्ड के साथ एनटीपीसी लारा के जीएम व अन्य अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा स्टेशन को एपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों के लिए डायमंड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। थर्मल पावर स्टेशनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण श्रेणी में एनटीपीसी लारा पिछले तीन वर्षों से लगातार यह पुरस्कार प्राप्त करने वाला एकमात्र स्टेशन है। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी लारा स्टेशन पर्यावरण अनुकूल सुपर क्रिटिकल तकनीक से सुसज्जित है। इसकी दक्षता अन्य सबक्रिटिकल प्लांट से 40.5 प्रतिशत ज्यादा दक्षता सम्पन्न है।

उच्च दक्षता सम्पन्न होने के कारण इस संयंत्र को बिजली उत्पादन के लिए कम कोयले की आवश्यकता होती है। कोयले की कम खपत के साथ यह संयंत्र पारंपरिक संयंत्रों की तुलना में कम ग्रीनहाउस गैसें उत्पन्न करता है और राख़ उत्सर्जन भी कम होता है। नई तकनीक के अलावाए एनटीपीसी लारा पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न उपाय करता है।

मियावाकी तकनीक के साथ वनीकरण, मैत्री नगर टाउनशिप और आसपास के गांवों के खुले क्षेत्रों में लागू किया गया है। विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों द्वारा जल संरक्षण और जल निकायों के विकास का ध्यान रखा जाता है। ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र अखिलेश सिंह, एचओपी लारा को सौंपा गया, इस मौके पर राजीव रंजन, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, एसके सिन्हा, अपर महाप्रबंधक प्रचालन, सुधीर दहिया, अपर महाप्रबंधक पर्यावरण प्रबंधन, और जाकिर खान, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन की उपस्थिति रही।

जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

सारंगढ़। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने प्राकृतिक आपदा से हुए जनहानि के लिए आरबीसी 6.4 के तहत निकटतम वारिस को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की है।



भगवान परशुराम
जन्मोत्सव पर्व की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मनीष शर्मा
उपाध्यक्ष
नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर रायगढ़

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024,
26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)